हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 जुलाई 2024

06 कलेक्टर ने दिए निर्देशः अभियान चलाकर...



07 एक पेड़ मां के नामः ग्राम पंचायत वार्ड, स्कूल...





कानड़ पुलिस को मिली अब तक की सबसे बड़ी सफलता

### अंतरराज्यीय गिरोह से तार जुड़ने की आशंका

## 1 करोड़ बीस लाख का डोडा चूरा किया जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अवैध मादक पदार्थों एंव शराब तस्करो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कानड़ पुलिस को मिली अबतक की सबसे बड़ी सफलता। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिह के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई थी। अति. पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी के निर्देशन में एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिह देवड़ा के द्वारा गठित टीम का नेतृत्व किया गया था।

कानड़ पुलिस टीम को हाईवे किनारे के ढाबो से अवैध मादक पदार्थ तस्करी मे लिप्त होने की सूचना मुखबीर के माध्यम से प्राप्त हो रही थी जिसके चलते गठित टीम को 7 जुलाई को दोपहर 1 बजे के लगभग आगर सारंगपुर रोड़ पर थाने के सामने वाहन चेकिंग के दौरान एक आयशर गाड़ी का चालक पुलिस की चैकिंग को देखकर उसकी गाड़ी को हड़बड़ाहट में वापस आगर तरफ मोड़ने लगा तो संदेह होने पर पुलिस द्वारा फोर्स की मदद से तत्काल उक्त आयशर गाड़ी को घेराबंदी कर रोका। पुलिस को देखकर आयशर गाड़ी में क्लीनर साइड बैठा एक व्यक्ति गेट खोलकर कूद कर भागा एवं आयशर गाड़ी का चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर प्याज की बोरियों के बीच बडी मात्रा में अफीम डोडा चूरा पाया गया। पुलिस टीम द्वारा पुछताछ में आरोपी सुखदेव पिता बलवीर कुम्हार उम्र 29 साल निवासी गुलाडी थाना खनोरी तहसील मूनक जिला संगरुर (पंजाब) बताया गया। आरोपी द्वारा स्वीकार किया कि उसके द्वारा ट्रक की बॉडी में प्याज की बोरियो के बीच में छिपा कर अवैध मादक पदार्थ अफीम के डोडा के छिलको की 39 बोरी तस्करी की जा रही थी, जिसकी कीमत 1,08,42,750 रुपए जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का पंजीकृत कर विवेचना में लिया।

### 7 क्विंटल 22 किलो 850 ग्राम अफीम डोडा चूर जब्त

अति पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी द्वारा कानड़ थाने में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मामले की कानड़ पुलिस को सराहनीय कार्य करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त हुई है जिसमें वाहन चेकिंग के दौरान 7 क्विटल 22 किलो 850 ग्राम अफीम डोडा चूरा जिसकी कुल किमत एक करोड़ आठ लाख बैयालिस हजार सात सौ पचास रुपए, साथ ही जब्त वाहन ट्रक मय प्याज की बोरियो के कीमती 1, 20, 0000 रुपये इस तरह एक करोड़ आठ लाख बयालिस हजार सात सौ पचास रुपए की जब्ती की गई। मामले में कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया जावेगा जिससे इस अवैध व्यापार मे शामिल अन्य आरोपीयो के संबंध में पतारसी कर कार्यवाही की जावेगी। पकड़े गए आरोपी द्वारा वाहन तनोडिया की और से आते हुए पंजाब की ओर जाना बताया गया।



## शासकीय कार्यालय सुबह 10 से 6 बजे तक संचालित हों : कलेक्टर

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में वृहद स्तर पर पौधरोपण करवाएं



नलखेड़ा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय कार्यालय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित हो, उक्त अवधि में कार्यालयों में सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे, विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें। एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण करवाया जाए, वन विभाग, जन अभियान परिषद जिले के सभी नागरिकों को अभियान से जुड़कर एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाने हेतु प्रेरित करें साथ ही पौधरोपण के फोटो वायुदूत एप पर अपलोड करवाए। उद्यानिकी विभाग नंदन फलोद्यान के तहत पात्र किसानों के खेतों पर पौधरोपण करवाये।

कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके, सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा कर सभी शासकीय विद्यालयों के बच्चो को निःशुल्क पुस्तक वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि सीएम राइज स्कूलों में नियमानुसार विद्यार्थियों को प्रवेश दिलवाए। कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओ में लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने के निर्देश स्वरोजगार से जुड़े विभागों के अधिकारियो को दिए। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को राजस्व मदो में लक्ष्य अनुसार राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**शिकायतों का समाधानकारी निराकरण करवाएं**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अपने विभागों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें तथा दर्ज होने वाली शिकायतों का निराकरण करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि पर बंद करवाएं, किसी भी विभाग की शिकायत नॉन अटेंड नहीं रहे तथा गंभीरतापूर्वक शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## डॉ महेंद्र सिंह मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे



नलखेड़ा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने के बाद डॉ महेंद्रसिंह मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। सोमवार को डॉ महेंद्रसिंह सिंह भाजपा के प्रदेश प्रभारी बनने के बाद प्रथम बार विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से पूजन किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ महेंद्रसिंह लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी के रूप में कई बार माता रानी के दरबार में आ चुके हैं।

## चौकी धोकर की मोहर्रम की शुरुआत

नलखेड़ा। नगर में रविवार रात्रि में चांद दिखने के बाद मुस्लिम समाज द्वारा इस्लामी नए वर्ष एवं मोहर्रम पर्व शुरुआत हुई जिसमें विभिन्न समाज द्वारा अलग-अलग मोहल्ले से रात्रि 9 बजे जुलूस निकाला जिसमें मेवाती मोहल्ला की चौकी कुंड में वा,ठाकुर मोहल्ला, अयोध्या बस्ती, मंसूरी मोहल्ला, नयापुरा, बस स्टैंड कॉलोनी, के द्वारा अपने-अपने स्थान से ढोल बैंड बाजे के साथ जुलूस निकाला जो मुख्य मार्ग से होता होगा नयापुरा में स्थित कुंड वाले बाबा की दरगाह पर पहुंचा जहां सभी के द्वारा सामूहिक दरूद फातिहा (पूजा अर्चना) की एवं समाजजानो द्वारा धार्मिक लाभ उठाया।



## बोरखेड़ी बल्डी पर मिला नरकंकाल, पुलिस ने की कार्रवाई

**एसएफएल टीम व डॉग स्कार्ट को मौके पर बुलाया**

नलखेड़ा। पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बोरखेड़ी की बल्डी पर एक व्यक्ति का नर कंकाल पड़े होने की सूचना पर नलखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल के मुआयना हेतु एसएफएल टीम व डॉग स्कार्ट को मौके पर बुलाया गया। नलखेड़ा थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को पुलिस को मिली सूचना के बाद ग्राम बोरखेड़ी की बल्डी पर से पुलिस ने एक नर कंकाल को बरामद किया है। उन्होंने बताया कि मृतक के पास एक जहर की शीशी, पेंट,अंडर गारमेंट्स के साथ कुछ अन्य चीज मिली है। घटनास्थल का मुआयना करने के लिए एसएफएल टीम व डॉग स्कार्ट को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की अनुमानित उम्र 40 से 45 वर्ष के दरमियान हैं। तथा मृतक का शव 20 से 22 दिन पुराना बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नलखेड़ा थाने पर किसी की गुमशुदगी भी दर्ज नहीं हुई थी।

### जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

## स्टॉप डायरिया कैंपेनिंग तीन चरणों में होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा 01 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया अभियान संचालन के निर्देश के क्रम में सोमवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं जिला पंचपायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में बताया गया कि स्टॉप डायरिया अभियान जिले में तीन चरणों संचालित होगा। प्रथम चरण 1 से 14 जुलाई के मध्य अभियान की कार्ययोजना क्रियान्वयन की तैयारी व जिला/जनपद स्तर पर इस अभियान को लेकर उन्मुखीकरण तथा दूसरा चरण 15 जुलाई से 16 अगस्त तक ग्राम की स्वच्छता समिति को सक्रिय करना और कचरा डंपिंग स्थान का चिन्हाकन एवं श्रमदान तथा तीसरे चरण 17 अगस्त से 31 अगस्त तक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी में हाथ धुलाई व कीचड़ मुक्त ग्राम तथा सिंगलयूज प्लास्टिक हेतु 3- आर (रिड्यूस, रीयूज, रि-सायकल) को बढ़ावा देना है।

इस कैंपेनिंग का मूल ध्येय है, जिले में अतिसार जनित रोग को रोकना तथा मैदानी स्तर के स्टेक होल्डर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल और व्यक्तिगत साफ-सफाई, श्रमदान से गांव की दृश्य स्वच्छता को बढ़ावा देकर, कीचड़ मुक्त ग्राम के लिए जन समुदाय से चर्चा एवं जन-जागरूकता से दस्त जनित बीमारियों को रोका जाकर इन मामलों में कमी लाना है।

कार्यशाला में इस कैंपेनिंग का प्रस्तुतिकरण पवन स्वर्णकार जिला समन्वयक-एसबीएम द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढ़ोके, अभियान से संबंधित विभाग स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास के विभाग प्रमुख, समस्त जनपद सीईओ आदि मौजूद थे।

## ब्राह्मण समाज को आतंकी कहा, आरोपी पर केस दर्ज



नलखेड़ा। सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति द्वारा ब्राह्मण समाज पर आतंकी होने का आरोप लगाया गया। जिससे आक्रोशित समाजजनों व सर्व हिन्दू समाज द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद पुलिस द्वारा संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

सोमवार प्रातः ब्राह्मण समाज व सर्व हिन्दू समाज द्वारा स्थानीय पुलिस थाने पर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि नलखेड़ा निवासी संतोष कुलश्रेष्ठ पिता हाकमसिंह द्वारा फेसबुक पोस्ट के माध्यम से ब्राह्मण समाज पर आतंकवादी होने का आरोप लगाया गया है। उसके द्वारा फेसबुक पोस्ट में लिखा गया है कि पुलवामा, उरी, पठानकोट हमले ब्राह्मण आतंकियों की ही उपज है। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद नलखेड़ा पुलिस द्वारा फरियादी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आनंद शर्मा की शिकायत पर आरोपी संतोष पिता होकमसिंह कुलश्रेष्ठ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

### लगभग साल भर पहले दिए कलेक्टर के निर्देश भी बेअसर हुए साबित

## करोड़ों के तीर्थ यात्री सेवा सदन व विश्राम गृह में लटके हैं ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन द्वारा करोड़ो रूपये की लागत के तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं तीर्थ यात्री विश्राम गृह का निर्माण तो करवा दिया गया है लेकिन इनके लोकार्पण के बाद भी लगभग पौने दो वर्ष से इन पर ताले लटके हुए हैं। यदि इस सुविधा का उपयोग नही करवाना था तो क्यों करोड़ो की राशि खर्च की गई ? वर्तमान में उक्त भवन के बाहर पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जहां चारों ओर गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है।

नगर में मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है। जहाँ प्रतिदिन 5 से 10 हजार दर्शनार्थी एवं नवरात्रि महापर्वो, किसी अन्य पर्व, अवकाश के दिनों में यहाँ दर्शनार्थियों की संख्या 25 हजार से एक लाख तक पहुंच जाती है। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले दर्शनार्थियों को रुकने की उचित व्यवस्था नही होने से शासन के धर्मस्व विभाग व मप्र तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण द्वारा माता मंदिर के समीप ही तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं वीआईपी दर्शनार्थियों के लिए तीर्थ यात्री विश्राम गृह का निर्माण करवाया गया था। जिनका लोकार्पण भी लगभग पौने दो वर्ष पूर्व प्रदेश की पूर्व मंत्री उषा ठाकुर के कर कमलो से किया जा चुका है। लेकिन लोकार्पण के बाद भी उक्त सुविधाओ का उपयोग प्रारम्भ नही हो पाया है। इन पर आज भी ताले लटके हुवे है। गत चैत्र नवरात्रि के पूर्व समाचार पत्रों में समाचारों के प्रकाशन के बाद इनके उपयोग प्रारम्भ करने की बात अधिकारियों द्वारा की गई थी।




### कलेक्टर ने निरीक्षण कर दिए थे निर्देश

जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा भी गत वर्ष सितंबर माह में संबंधित अधिकारियों के साथ उक्त भवनों का निरीक्षण कर इनको शीघ्र ही प्रारंभ करवाए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन जिला कलेक्टर के निर्देश पर भी अभी तक अमल नहीं हो पाया है। शायद कलेक्टर के आदेश इन भवनों को प्रारंभ करने के लिए यहां बेअसर दिखाई दे रहे हैं ? गत चैत्र नवरात्रि दौरान भी तीर्थ यात्री सेवा सदन का उपयोग नही हुआ था। केवल विश्राम गृह के ताले खुलवा कर एक कर्मचारी को बैठाया गया था लेकिन चैत्र नवरात्रि के बाद फिर से उस पर भी ताले लटका दिए गए। जबकि सिद्धपीठ पर प्रतिदिन वीआईपी दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है।




शासन द्वारा जिस जिस उद्देश्य से तीर्थ यात्री सेवा सदन का निर्माण करवाया गया था कि बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को कम खर्च में रुकने का उचित स्थान मिल सके वह उद्देश्य कही भी पूर्ण होता दिखाई नही दे रहा है। दर्शनार्थी महंगे दाम देकर होटलों में रुकने पर मजबूर हो रहे है। दूसरी ओर तीर्थ यात्री सेवा सदन में लटके तालों के चलते इसका फायदा वीआईपी दर्शनार्थियों को नही मिल पा रहा है जिसके कारण यहाँ पशुओं ने अपना डेरा जमा लिया है। विश्राम गृह के बाहर पशुओं द्वारा किये गए गोबर को आसानी से देखा जा सकता है। अब जबकि आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि प्रारम्भ हो चुकी है मंदिर प्रबंध समिति को आम दर्शनार्थियों के लिए तीर्थ यात्री सेवा सदन एवं वीआईपी दर्शनार्थियों के लिए तीर्थ यात्री विश्राम गृह खोला जाना चाहिए।

### इनका कहना है...

मां बगलामुखी मंदिर के समीप बनाए तीर्थ यात्री सेवा सदन तथा तीर्थ यात्री विश्राम गृह प्रायवेट से संचालित होंगे। इसके लिए विज्ञप्ति प्रकाशित करवाई जाकर इसे चालू करवाया जाएगा। गत शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धालु भक्तों के विश्राम हेतु इसे खोला गया था।

**राघवेंद्र सिंह**, जिला कलेक्टर जिला आगर मालवा

### निर्धारित प्रक्रिया उपरांत होगा प्रारंभ

तीर्थ यात्री सेवा सदन तथा तीर्थ यात्री विश्रामगृह के संचालन के लिए फाइल जिले में भेजी गई है, निर्धारित प्रक्रिया उपरांत इसे प्रारंभ किया जा सकेगा। इसके लिए या तो ठेका पद्धति या फिर मंदिर समिति स्वयं संचालित करेगी फिलहाल तीर्थ यात्री सेवा सदन चालू है लेकिन वहां पर कोई यात्री नहीं आ रहे हैं।

**मिलिंद ढ़ोके**, अध्यक्ष, मां बगलामुखी मंदिर समिति तथा एसडीएम सुसनेर- नलखेड़ा

## खबर संक्षेप

### पुरोहित बने उज्जैन संभाग चेप्टर के अध्यक्ष



**देवास।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी घनश्याम बटवाल की अनुशंसा पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र पुरोहित को जन परिषद चैप्टर का संभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया। ज्ञात रहे जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 35 वर्षों से सामाजिक एवम्-रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर नौ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 210 से अधिक एवं विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। पुरोहित के मनोनयन पर पूर्व संभाग आयुक्त आईएएस मुकेश शुक्ल, पूर्व कलेक्टर आईएएस श्रीकांत पांडे, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक आईपीएस एस.पी.सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक आईपीएस एमएस वर्मा, देवास प्रेस क्लब अध्यक्ष अतुल बागलीकर, उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल हाड़ा, शाजापुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, मंदसौर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, आगर प्रेस क्लब अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

### नेशनल लोक अदालत आयोजन 13 को

**देवास।** आगामी 13 जुलाई शनिवार को संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों के द्वारा अपनी संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि एक मुश्त जमा करने पर सरचार्ज (अधिभार) मे शासन द्वारा नियमानुसार छूट दी जा रही है। इस हेतु आगामी शनिवार को संपत्तिकर एवं जलकर व अन्य करों के लिए नेशनल लोक अदालत के तारतम्य मे एक दिवसीय विशेष केम्प आयोजित किया जा रहा है। केम्प मे अधिक से अधिक बकाया राशि जमा करे।

### सत्यम की करंट से जान बचाने पर केतन, फरहान को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# कलेक्टर ने दिए निर्देश: अभियान चलाकर समय सीमा में करे मामलों का निराकरण

### "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में माताजी की टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर पौधा रोपण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाये। माताजी की टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर पौधा रोपण करें। सभी विभाग अपने-अपने सेक्टर का चयन कर लें और पौधा रोपण करें। पौधरोपण करने के बाद अंकुर एप पर एंट्री भी करें। गुप्ता ने कहा कि जिले के सभी नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। जिले के नागरिक अपने परिजन के साथ पौधरोपण करें।

जिले में नागरिक सीड बाल के माध्यम से पौधा रोपण करें और अन्य नागरिकों को भी प्रेरित करें। सभी विभाग अपने कार्यालयों के परिसरों में पौधारोपण करें। गुप्ता ने कहा गत वर्ष जहां पौधे लगाये गये थे और वे पौधे सुख गये है तो उनके स्थान पर नये पौधे लगाये। नालों का गंदा पानी क्षिप्रा में नहीं मिले इसलिए स्टॉप डेम बनाये। 104 ग्रामों में मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एक सप्ताह में करें। अतिक्रमण हटाकर नालों के दोनों और 50-50 मीटर तक पौधरोपण कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि उद्योगो, नगर परिषदों और ग्राम पंचायतों में मियावाकी पद्धिती से पौधा रोपण करें। ग्राम पंचायतों में कम से कम दो जगह मियावाकी पद्धिती से पौधरोपण एवं नगर परिषदों में कम से कम 20 जगह मियावाकी पद्धिती से पौधरोपण करें। कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए की नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा/खतोनी, डायवर्सन, रास्ता खाली कराने, भू-अर्जन, संबंधी मामलों का निराकरण अभियान चलाकर समय-सीमा में करें। पशु पालन विभाग और नगर निगम/नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक पर बेठी गायो को गोशाला ले जाये। गौवंश को सड़को पर खुला छोडने पर पशु मालिकों पर कार्यवाही कर निर्धारित दण्ड भी वसूल किया जाये। शासकीय कार्यालयों में रूफ रेन हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये की नियमित रूप से छात्रावासों में जाकर निरीक्षण करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य में प्रगति नहीं होने पर नेशनल हेल्थ मिशन के सब इंजिनीयर संदीप मानिकदीवे को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, डीएफओ प्रदीप मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### कलेक्टर ने किया सम्मान



बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता केतन राठौर और फरहान पठान का फूल माला, शाल, श्री फल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि सोनकच्छ शहर के गत दिवस रेशम केंद्र की फेंसिंग में लीकेज करंट के कारण सत्यम पिता अशोक निवासी सोनकच्छ चिपक गए, मोके पर केतन राठौर और फरहान पठान दोनो द्वारा सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय देते हुए सत्यम को फेंसिंग से दूर कर सत्यम की जान बचाई थी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को अगले लेवल में न जाने दें, पहली प्राथमिकता रखते हुए शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का एल-1 पर ही निराकरण करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि 100 दिवस से अधिक एक भी शिकायत लम्बित नहीं रहना चाहिए। शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जायेगी।

# दोपहर बाद शुरू हुई तेज बारिश शाम तक रही जारी

### सड़कों पर बनी जल जमाव की स्थिति



**देवास।** बारिश के कारण जर्जर मकान हुआ जमीदोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

सोमवार दोपहर से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में देर शाम तक झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश से शहर तरबतर हो गया। साथ ही सुबह से होने वाली गर्मी व उमस से भी काफी राहत मिली। इसके पहले सुबह से गर्मी के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा। बारिश के नहीं होने से पिछले एक दिन में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हुई थी। सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार को तेज बारिश के चलते एमजी रोड के आसपास की कई गलियों में घुटनों तक जल जमाव की स्थिति निर्मित हुई। अधिकांश जगह नालों का पानी सड़कों पर बहा। ऐसे में दो पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। एमजी रोड़ के व्यापारियों का कहना है कि बारिश में हर बार यहां पर यही हाल होते हैं बच्चे तो यहां से निकल ही नहीं सकते। नगर निगम को इस बारे में कई बार अवगत करवाया गया लेकिन बावजूद इसके इस और कोई ध्यान नहीं देता। यहां पर नाला निर्माण की आवश्यकता है। देवास के पत्ती बाजार क्षेत्र में सोमवार शाम को बारिश के चलते एक जर्जर मकान गिर गया। हालांकि इस मकान में कोई नहीं रहता था जिसके चलते कोई जानकारी नहीं हुई। वही मकान गिरने से मकान के पास में रखी एक कार चपेट में आ गई जिसमें काफी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां पर कोई परिवार रहता था जो काफी वर्ष पहले यहां से चला गया किसी विवाद के चलते परिवार यहां पर नहीं रहता है।

### तेजी से हो रहा बस स्टैंड निर्माण का कार्य, थाना चौराहे का भी किया जाएगा सौंदर्यीकरण



**बागली।** नगर के थाना चौराहे पर नवीन बस स्टैंड निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2017-18 में मिली थी, इस दौरान शुरुआती दौर में बस स्टैंड के लिए भवन निर्माण हुआ था, लेकिन कुछ कारणों के चलते कार्य कुछ वर्ष से बंद पडा था। 2022 में नवीन परिषद बनने के बाद अध्यक्ष सीमा कमल यादव के प्रयास से अब फिर से बस स्टैंड का निर्माण कार्य प्रारभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव एवं सीएमओ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड पर बने भवन का कार्य लगभग 80% पूर्ण हो चुका है। शासन व्दारा लगभग 76 लाख स्वीकृत किए गए हैं। लेकिन परिषद को अभी तक 25 लाख रुपए मिले है, बाकी राशि आना शेष है। बस स्टैंड पर सीमेंट कांक्रीट का कार्य चल रहा है, साथ ही अन्य योजना अंतर्गत चौराहे का सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाना है। बस स्टैंड का कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को इस का लाभ मिलेगा। यात्रियों के लिए पीने का पानी एवं शौचालय सुविधाएं भी उपलब्ध होगी।

### निगम के सफाई मित्रों को हुआ रेनकोट का वितरण



**देवास।** वर्षाकाल प्रारंभ होने पर निगम स्वास्थ्य विभाग के पुरूष व महिला सफाई मित्रों को अपना कार्य सुचारू रूप से किए जाने हेतु उन्हें रेनकोट का वितरण विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी के साथ सोमवार को निगम बैठक हाल मे किया गया। अग्रवाल नकहा कि विगत तीन चार माह से शहर मे संसाधनों एवं सफाई मित्रो की कमी से सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी। वर्तमान मे आउटसोर्स के टेण्डर स्वीकृत होने से आउटसोर्स से कर्मचारी उपलब्ध हुए है, जिससे नाला सफाई एवं वार्डो मे सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण वाहनों पर ड्राइवरों एवं हेल्परों की व्यवस्था की गई है जिससे सफाई व्यवस्था शीघ्र ही सफाई मित्रो के सहयोग से सुधर रही है। रेनकोट वितरण कार्यक्रम मे बैस ने सभी सफाई मित्रों को रेनकोट दिए जाने पर उनके कार्यो की सराहना की ओर कहा कि रेनकोट मिलने से गिरते पानी मे भी हमारे सफाई मित्र अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकेगें। पटेल ने सभी सफाई मित्रो के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि हमारे सफाई मित्रो के सहयोग से ही शहर साफ व स्वच्छ रहता है ओर हमे इनसे ही कई उपलब्धियां मिलती है। इस अवसर पर निगम स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा एवं बडी संख्या मे निगम के पुरूष व महिला सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# शहर को मिलेगी कई विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



विजन डाक्युमेंटस को लेकर विधायक गायत्री राजे पवार के द्वारा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, आयुक्त रजनीश कसेरा, लोक निर्माण विभाग एवं निगम व प्राधिकरण इंजिनियरों के साथ आगामी 5 वर्षो मे शहर मे होने वाले बडे निर्माण एवं विकास कार्यो का तैयार रोड मेप की 6 जुलाई शनिवार को सर्किट हाउस मे समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमे प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व मे देवास शहर के लिए आगामी 5 वर्षो मे शहर मे किए जाने वाले विकास कार्यो पर चर्चा की। बैठक में विधायक ने वर्तमान मे रिडेन्सीफिकेशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यो पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने नए निर्माण कार्य जिसमे देवीलोक निर्माण, उज्जैन रोड आंबेडकर चौराहा से नागुखेडी तक फोरलेन एवं ओव्हर ब्रिज निर्माण, रसुलपुर चौराहा ओव्हर ब्रिज निर्माण एवं चामुण्डा माता मंदिर के प्रांगण मे विकास कार्य एवं सौन्दर्यीकरण, देवास शहर मे उज्जैन से आने पर नागुखेडी पर बड़े प्रवेश द्वार का निर्माण के साथ शहर के बीच से निकलने वाली नागधम्मन नदी का शुद्धिकरण, एनवीडीए से पानी की समस्या को लेकर उसका समाधन शासन स्तर पर करवाना, इसी के साथ शहर के 3 मंदिरों बिलावली महांकाल मंदिर, नागदा स्थित गणेश मंदिर एवं गंगा बावडी जीर्णोद्वार एवं पहुंच मार्ग के साथ देवास शहर मे नया अबग्रेडेड प्रोसेसिंग (कचरा सग्रंहण) एवं सीएनजी प्लांट का निर्माण, शहर मे आदर्श गौशाला निर्माण तथा राजोदा फ्लाई ओव्हर ब्रिज की स्वीकृति शासन स्तर पर लेना तथा ब्रीज निर्माण करवाना। विधायक ने नए रोड मेप मे उज्जैन रोड बायपास से विजयागंज मंडी को जोडने वाले फोरलेन रोड निमार्ण मे सेन्टर लाईट सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन स्वीकृति के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश ईई लोक निर्माण विभाग को दिए। विधायक ने देवास शहर मे एक बडा सर्व सुविधायुक्त आडिटोरियम हाल निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए। विधायक ने विजन डाक्युमेंटस मे जिन निर्माण कार्यो के लिए जमीन आवंटन की जाना है उन निर्माण कार्यो के लिए शीघ्रताशीघ्र जमीन आवंटन के लिए कार्यवाही करवाने हेतु संबंधितो को निर्देशित करने के लिए कलेक्टर को कहा। विधायक ने विजन डाक्युमेंटस मे देवास शहर मे उत्कृष्ट महाविद्यालय को लेकर भी कहा, जिसमे सर्व सुविधायुक्त उत्कृष्ट महाविद्यालय भी प्रस्तावित है। विधायक ने विजन डाक्युमेंटस को सफल बनाने के लिए सभी कार्यो के प्रस्ताव शीघ्र अतिशीघ्र तैयार करने तथा जिन कार्यो की डीपीआर तैयार है उसे शासन स्वीकृति के लिए भेजे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# वृक्ष गंगा अभियान: वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ लगाए 151 फलदार, छायादार व औषधि वाले पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में देश भर में बड़ी श्रद्धा और उमंग के साथ पावन वृक्ष गंगा अभियान का क्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को संतुलित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में गायत्री परिवार की टीम ने भी शंकरगढ़ की पहाड़ी पर बड़ी श्रद्धा एवं उमंग से 151 फलदार, छायादार एवं औषधि वाले पौधे वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए लगाए।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेंद्र पोरवाल की माता जानीबाई पोरवाल की प्रथम पुण्यतिथि की स्मृति में उनके विशेष सहयोग से शीशम, कटहल, जामुन, आम, बरगद, शमी, करंज जैसे 151 पौधों का अनुदान मिला। कार्यक्रम की शुरुआत में गुरू सत्ता एवं मातृ शक्ति का पूजन कर पौधा रोपण कार्य प्रारम्भ किया। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने इस अभियान पर विस्तार से बताते हुए कहा कि देशभर में अखिल विश्व गायत्री परिवार मातृ जन्म शताब्दी स्मृति उपवनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत पर्यावरण को संतुलित करने का निरंतर प्रयास कर रहा है और आमजन को भी इन अभियानों से जोड़कर उन्हें भी प्रेरित करने का काम कर रहा है, इसी क्रम में गायत्री परिवार देवास की टीम द्वारा भी शंकरगढ़ की पहाड़ी पर मातृ जन्म शताब्दी उपवन में पौधों का रोपण कर गायत्री परिवार आमजन से अपील करता है कि इस वर्षा ऋतु के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपने नैतिक धर्म का पालन करें। शंकरगढ़ पहाड़ी पर बड़े उत्साह व उमंग के साथ बच्चे, महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए और जोरदार नारे लगाते हुए, गीत गाते हुए एवं वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए पौधों का रोपण किया गया।

### नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगदीश, भक्तों ने खींचा रथ, बरसाए फूल

# नगर भर में जगह-जगह हुआ महाप्रभु के रथ का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा

जय जगदीश,जग्गनाथ के भात, जगत पसारे हाथ के जयघोष के साथ रविवार को बागली में महाप्रभु जगदीश की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा निकलने के पूर्व पंडित कनिष्क द्विवेदी,प.ओमप्रकाश शर्मा, प.मुकेश शर्मा के आचार्यत्व में ब्राह्मण बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान का पूजन किया गया। इसके उपरांत आकर्षक फूलों से सुसज्जित रथ में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा व स्वामी जगन्नाथ जरी की आकर्षक पगड़ी पहन कर विराजे। रथ का प्रथम पूजन परंपरानुसार बागली रियासत के प्रमुख राघवेंद्र सिंह व अपूर्व विक्रम सिंह ने किया।तत्पश्चात नप अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव,उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे आदि ने भगवान का पूजन अर्चन किया। वही राघवेंद्र सिंह व ब्राह्मण बटुकों ने सांकेतिक रूप से रथ को रस्सी से खींच कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा की प्रथम पंक्ति में वागयोग चेतना पीठ के ब्राह्मण बटुक चल रहे थे। द्वितीय पंक्ति में बैंड बाजे व ढोल थे। भक्त जयघोष के साथ रथ को श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव और अपार उत्साह के साथ खींचते हुए ले जा रहे थे। रथ यात्रा में सम्पूर्ण नगर के नगरवासी शामिल हुए। भक्ति गीतों पर पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी झूमते नजर आए। रथ यात्रा का अनेक सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। वही नगर की सद्भावना और धार्मिक सौहाद्र की परंपरा का सदैव की तरह निर्वहन करते हुए भगवान जगदीश की रथ यात्रा का स्थानीय नूरी मस्जिद के समीप पहुंचने पर नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी व बोहरा समाज ने भी स्वागत किया। यात्रा में विशेष रूप से हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी के साथ रात्रि 8 बजे यात्रा पुनः मन्दिर पहुंची, जहां पुजारी पं रविकांत व्यास, सत्यनारायण व्यास,मोहित व्यास द्वारा अटका चढ़ाया गया व महाआरती के बाद भात प्रसाद का वितरण किया गया। महिला, पुरुष व समीप गांवों के श्रद्धालु बड़ी तादाद मे उपस्थित थे। कार्यक्रम में जगदीश मन्दिर सेवा समिति का विशेष योगदान रहा।



#### 127 वर्ष पुरानी है परंपरा

भूतपूर्व सैनिक व पुजारी परिवार के प.आनंद कुमार व्यास ने बताया की प्राचीन जगदीश मंदिर में अटका चढ़ाने की परंपरा 127 वर्ष पुरानी है। मिट्टी की मटकी में घी चावल का प्रसाद रखने के बाद भगवान को कपड़े के माध्यम से चखाया जाता है।उसके बाद मटकी को भगवान के सम्मुख अर्पित किया जाता है। मटकी कमलाकार में खिल जाती है,इसी प्रक्रिया को अटका कहा जाता है।मान्यता है की अटका चढ़ाने वाले श्रद्धालु की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इस वर्ष का पहला अटका मंदिर समिति व दूसरा अटका नप उपाध्यक्ष विपिन शिवहरे की और से चढ़ाया गया था।

# एक शाम रफी के नाम में गायकों ने बांध दिया समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शुक्रवार को विक्रमसभा भवन जवाहर चौक में एक शाम रफी के नाम- मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के अतिथि विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विजय ज्योति हा.से. स्कूल संचालक दिलीप श्रीवाल, लॉ कॉलेज प्रींसिपल डॉ. अजय चौहान सर, किंगजॉर्ज हा.से. स्कूल की संचालिका अलका कनोजिया, भाग्योदय क्रिएटिव एक्टिविटी संचालिका डॉ. मनीषा बापना, विश्वकर्मा हा.से. स्कूल की संचालिका कल्पना नाग रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीगणेश एवं सरस्वती वंदना से की गई। शिवपुरी से आए कलाकारों ने जहांगीर भाई ने दिल का सुना साज तराना ढूंढेगा गीत की प्रस्तुति दी। अन्नू शर्मा, दिलीप दरबार, ज्योति शर्मा, सुनीता राठौर, शहजाद पठान, शबनम पठान, लीना श्रीवास, अंजू शर्मा, पूर्णिमा ठाकुर, देव ठाकुर, आमीर खान, मनीष भाटी, नमृता जायसवाल, हेमंत चाकण्कर, शुभता चाकण्कर, मुकेश प्रीति ठक्कर भाभी, चेताली रॉय, नन्ना बालक, केके मालवीय ने एक से बढ़कर एक रफी साहब द्वारा गाए हुए गानों की प्रस्तुति दी। यंग मेलोडियंस ग्रुप के संचालक मुश्ताक शाह ने प्रोग्राम में पधारे रोटरी क्लब के अध्यक्ष जी.एस. चंदेल और सचिव सचिन नागर के साथ सभी कलाकारों का स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का भी सम्मान किया गया। नजर शेख मामू, दिलीप दरबार, निशा खान ने संचालक मुश्ताक शाह का गुरु मानकर सम्मान किया।

खबर संक्षेप

## होम कंपोस्टिंग के लिए किया जागरूक



**आष्टा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना और सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेस की टीम के द्वारा नगर के वार्डों में जाकर महिलाओं को गीले कचरे के बारे में समझाया गया। इसी के साथ ही गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग खाद बनाने के लिए विधि द्वारा समझाइश दी गई कि आप अपने घर से निकलने वाले गीले कचरा जैसे प्याज और आलू के छिलके, खराब सब्जियां हरा धनिया, राख, चाय की पत्ती, पेड पौधे की पत्तियां, खराब फल आदि पुराना पानी का एक बड़ा सा मटका लेकर उसमें यह सामग्री डालते रहिए। मटके को मुंह के बराबर भरे उसके बाद में मटके का मुंह बंद कर दो मटके में गीले कचरे सड़ने गलने लगेगा। फिर वह खाद के रुप में परिवर्तन हो जायेगा और आसानी से खाद बन जायेगा। घर पर खाद बनाने से गीले कचरे को कम किया जा सकता है ।

## सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**आष्टा।** संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरा में मान सिंह वर्मा सहायक ग्रेड 3 का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सभी अतिथियों ने उनको माला तथा शाल, श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह लेकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित बीईओ राजपूत ने कहा कि कर्मठ व लगनशील व्यक्ति मान सिंह बाबू हमारे शिक्षा के क्षेत्र के केंद्र बिंदु रहें। सभी कार्य उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ किया। कार्यक्रम को बीआरसी ने भी संबोधित करते हुए उनके कर्तव्य पर प्रकाश डाला। मान सिंह बाबूजी का स्वागत करने वालों में गोपाल सिंह मालवीय, रमेश धनवाल, ईश्वर सिंह तिर्की, अखलेश धारवां आदि ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

**आष्टा।** विभिन्न सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रवीण सिंह, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, एसडीओपी आकाश अमलकर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉक्टर मीना सिंगी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, राकेश सुराणा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दारा सिंह पटेल सहित अनेक जन प्रतिनिधि, नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आष्टा क्षेत्र में राजनीतिक, धार्मिक,पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालो का सम्मान किया गया।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह हुआ पौधरोपण

# एक पेड़ मां के नामः ग्राम पंचायत वार्ड, स्कूल, श्मशान घाट और मैदानों में रोपे गए फल और छायादार पौधे





रविवार को आष्टा क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों और जावर नगर परिषद में एक पेड मां के नाम अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज/जावर/खाचरोद

रविवार को ग्राम पंचायत सिद्धिगंज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। ग्राम पंचायत सचिव जगदीश पाटीदार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक से दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। क्योंकि लोग पौधे कम लगा रहे हैं और काट ज्यादा रहे हैं। जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। सभी को पेड़ पौधे लगाना चाहिए ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे। यदि पेड़ पौधे नहीं लगाए गए तो आने वाले समय में बहुत ही खराब स्थिति बनेगी।

प्रतिदिन वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती जा रही है। जिससे ऐसी स्थिति में हम लोगों को आने वाले समय में और ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा। इससे बचने के लिए हम सभी को पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सेक्टर प्रभारी एसएस पवार, ग्राम पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह काजलें, ग्राम पंचायत उप सरपंच नंदकिशोर बागवान, ग्राम पंचायत सचिव जगदीश प्रसाद पाटीदार, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक रमेश बडगूजर, लक्ष्मी नारायण वर्मा पूर्व सरपंच, नीरज सोलंकी, बद्री लाल गहलोत, राजाराम दुदी, राजेंद्र वर्मा, मुकेश गहरवाल, नरबत सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका औरअन्य जनप्रतिनिधि गण ग्राम पंचायत पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।





## ग्राम पंचायतों में लगाए गए पौधे

**खाचरोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल रोल गांव में प्राचार्य महेश वर्मा, सरपंच धर्मेंद्र धनगर व समस्त स्टाफ की उपस्थिति में स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। वहीं उन्होंने समस्त ग्राम वासियों से अपील की की हर नागरिक एक पौधा अवश्य लगाए व उसकी पूरी देखभाल करें। वही ग्राम पंचायत जसुपुरा में सरपंच डॉक्टर इदरीश खान व ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक पौधा रोपण पंचायत में किया गया। जिसमें 200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। वहीं प्राथमिक शाला पिरान्हा खेड़ी प्राथमिक शाला आवली खेड़ा प्राथमिक शाला, नौगांव हाई स्कूल, नौगांव ग्राम पंचायत, सिंगार चोरी, ग्राम पंचायत छापर, ग्राम पंचायत भील खेड़ी, ग्राम पंचायत बरघाटी, ग्राम पंचायत कन्नौज शिवजी, ग्राम पंचायत बड़कोला, ग्राम पंचायत लसूडिया, विजय सिंह, ग्राम पंचायत देवन खेड़ी, ग्राम पंचायत बापचा बरामद, ग्राम पंचायत खामखेड़ा यात्रा, ग्राम पंचायत जिकड़ी मेवाती, ग्राम पंचायत पगारिया हाट आदि पंचायत में स्कूल श्मशान घाट आदि जगहों पर बादाम, नीम, जामुन, शीशम बड आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस मौके पर हाई स्कूल संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन, जसपुर सरपंच डॉक्टर इदरीश खान, बड़कोला सरपंच रमेश देवड़ा, सिंगार चोरी सरपंच कुतुबुद्दीन खान, जिकड़ी मेवाती सरपंच असगर खान, रामपुर सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर, अवली खेड़ा सरपंच सियाराम बारिया, छापर सरपंच ज्ञान सिंह वर्म,। बडघाटी सरपंच आकेसीग ठाकुर, भील खेड़ी सरपंच रघुवीर सिंह ठाकुर, कन्नौज शिवजी सरपंच लक्ष्मी नारायण पाटीदार, लसूडिया विजय सिंह सरपंच देवकरण मालवीय, खामखेड़ा यात्रा सरपंच प्रेम वर्मा, बापचा सरपंच प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह ठाकुर, पगारिया सरपंच अकरम खान सहित स्कूल के सभी शिक्षक, पंचायत सचिव व समस्त ग्राम पंचायत के ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पेड का महत्व मां के समान हैः वीरेंद्र ठाकुर

**जावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद जावर द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में साथी पार्षद, परिषद के कर्मचारी मित्रों के साथ पौधारोपण किया। पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों से आह्वान किया है कि देश के युवा मातृशक्ति और सभी से अपील की है कि हर नागरिक मां के नाम का एक पौधा जरूर लगाए। उनकी इस पहल पर नागरिकों द्वारा अपने अपने स्थान पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में परिषद द्वारा भी वृक्षारोपण किया गय। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि हुकम विश्वकर्मा, कुमेर सिंह, सुरेंद्र भाटी, प्रदीप, ऋषि वर्मामा, बद्री परिहार, रोहित चिंतामणि उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा धर्मशाला पर पौधरोपण किया

**जावर।** विश्वकर्मा धर्मशाला शेखू खेड़ा जोड पर 300 पौधे लगाए एग। प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम पर कार्यक्रम किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,भाजपा जिला महामंत्री दारा सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, सरपंच प्रतिनिधि पप्पू यादव, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष और नगर परिषद जावर के पार्षद मदन विश्वकर्मा, हरेंद्र विश्वकर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद हुकुम विश्वकर्मा द्वारा पौधारोपण किया गया। समाज के अध्यक्ष बाबूलाल विश्वकर्मा, शंकर लाल विश्वकर्मा, माखनलाल विश्वकर्मा, मोहनलाल, प्रेम नारायण, भगवत प्रसाद विश्वकर्मा, आत्माराम विश्वकर्मा, राजाराम, महेश विश्वकर्मा, छगनलाल पिपलोदिया, मदन विश्वकर्मा आदि वरिष्ठ समाज के जनप्रतिनिधि द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के साथ ही उनकी देखभाल करने का भी सामूहिक रूप से संकल्प लिया।





## आष्टा में निकली जगन्नाथ रथ यात्रा , पुराने बस स्टैंड से गुरुद्वारा होते हुए बांसवाड़ा पहुंची, किया स्वागत

**आष्टा।** शहर के अलीपुर स्थित बांसवाड़ा भगवान जगन्नाथ मंदिर से रविवार को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से निकली। जगह-जगह भगवान जगन्नाथ जी की पूजा-अर्चना की गई। हर वर्ष भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के अवसर पर शहर में भी जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकलती है। बांसवाड़ा स्थित भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर से दोपहर 2 बजे रथ यात्रा शुरु हुई, जो की पुराने बस स्टैंड, सब्जी मंडी ,बड़ा बाजार, गुरुद्वारा होते हुए वापस बांसवाड़ा पहुंची, जहां पर रथ यात्रा का समापन हुआ। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का हिंदू धर्म में बड़ा ही पावन महत्व है। उड़ीसा राज्य के पूरी में इस यात्रा का विशाल आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पूरी यात्रा हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाती है। इस वर्ष यह यात्रा 7 जुलाई को निकली।



## मोहर्रम सहित आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



सिद्धिगंज थाने में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें मोहर्रम सहित आगामी त्योहार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ग्राम सहित आसपास क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। जिनमें त्योहार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि सिद्धिगज में किसी भी प्रकार की त्योहार को लेकर ग्राम में कभी किसी प्रकार की घटना नहीं घटी है और ना ही घटेगी। हम सभी ग्रामीण जन सभी त्योहार को आपस में मिलकर मनाते हैं। इस दौरान जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, उपसरपंच नंदकिशोर बागवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा, सिकंदर भाई,भूरा भाई, असलम खा, नसीम शाह सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण बैठक में मौजूद रहे। थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत ने कहा अगामी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और जो भी आसामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की घटना करता है वा किसी भी धर्म के प्रति गलत टिप्पणी व मैसेज करता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सिविल अस्पताल में मरीजों का हो रहा निःशुल्क उपचार और जांचें

# डेढ़ माह में 200 से अधिक बच्चों का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा में बीते डेढ़ माह से बच्चों में पीलिया अर्थात हेपेटाइटिस की बीमारी बच्चों को काफी जकड़ रही है। सिविल अस्पताल में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉक्टर ए के जैन ने अपने स्टाफ कर्मियों के सहयोग से डेढ़ माह में करीब 200 बच्चों को स्वस्थ करके घर भेजा हैं । उन्होंने अस्पताल के आईसीयू वार्ड में बच्चों को भर्ती करके उपचार किया। वहीं उन्होंने बच्चों के परिजनों को इस मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। अगर इन बच्चों को सिविल अस्पताल में सही उपचार नहीं मिलता तो इन बच्चों को इंदौर - भोपाल उपचार हेतु ले जाना पड़ता और वहां पर करीब 25 से 30 हजार रुपए का खर्चा आता। इन सभी बच्चों सिविल अस्पताल में निशुल्क उपचार मिला है। बीते मई माह के अंतिम सप्ताह से मौसम से एवं दूषित खाने-पीने से बच्चों में हेपेटाइटिस होने पर एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉक्टर एके जैन ने आम जनों को सलाह दी है कि हेपेटाइटिस होने पर तत्काल ही सिविल अस्पताल में बच्चों को लाकर उपचार कराने की सलाह दी है। डॉक्टर चित्रा सोनी ने बताया कि बीते डेढ़ माह में दो सौ बच्चों को पीलिया रोग से पीड़ित होने पर उन्हें अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करके ठीक किया है। डॉक्टर चित्रा सोनी ने कहा कि पीलिया अर्थात हेपेटाइटिस रोग जो दूषित पानी और दूषित खाद्य पदार्थ के सेवन से होता है।



# रामलला के दर्शन करने आयोध्या के लिए श्रद्धालुओं की बस हुई रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सोनकच्छ विधानसभा से विधायक राजेश सोनकर द्वारा अयोध्या के लिए करीब 3000 लोगों को अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए रवाना किया गया। विधायक डॉ राजेश सोनकर का कहना है कि हमारा लक्ष्य है कि हर गांव से हम अयोध्या के लिए बस भेजें और कोई गांव नहीं छुटना चाहिए।

सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि अयोध्या रामलला के दर्शन करने अवश्य जाएं। विशेष सहयोग दीपक सेंधव देहरी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह पिलवानी, हरेंद्र सिंह पिलवानी, जीतेन्द्र सिंह तालोद, नरेंद्र सिंह कुमारियां, बनवीर, राहुल, दीपराज, सुरेन्द्र, सभी के सहयोग से यात्रा सफलतापूर्वक जारी है।

नरसिंहगढ़ सहित जिले भर में धूमधाम के साथ निकली भगवान जगदीश की रथयात्रा

# जगन्नाथ पुरी के समान द्वितीय वर्ष निकाली गई भव्य रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-नरसिंहगढ़

उड़ीसा के पुरी में भागवत जगन्नाथ की रथयात्रा के समान राजगढ़ नगर में भी रविवार को लगातार दूसरे वर्ष रथयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ढोल-ढमाकों एवं बाजे-बाजे के साथ खुजनेर रोड स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से आरंभ हुई जो खिलचीपुर नाका, पुराने बस स्टैंड, किला क्षेत्र, तुल्ली चौक, पारायण चौक, रानी लक्ष्मी चौराहा, नाका नंबर-3 से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। वहीं नरसिंहगढ़ में भगवान जगदीश रथ यात्रा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस उपलक्ष्य में थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में प्रातः भगवान जगदीश, भ्राता बलभद्र, बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को महाअभिषेक किया गया। इसके उपरांत मूर्तियों का आकर्षक श्रृंगार कर श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु मंदिर के पट खोले गए। श्रृद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। इस दौरान पीले चावल के भात का प्रसाद भगवान को अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया गया। शाम करीब पॉच बजे महाआरती के बाद मंदिर से भगवान का रथ रवाना किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंचा जहां श्रृद्धालुओ ने रथ की अगवानी करते हुए पुष्प वर्षा के साथ भगवान की मेहमान नवाजी की रस्म अदायगी की। इस दौरान स्थान-स्थान पर नागरिको ने भगवान जगदीश की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। मंदिर पुजारी पं. मनोज दीक्षित द्वारा नगरवासियो को भगवान की प्रसादी का वितरण किया गया। गौरतलब है कि पिछले तीस वर्षो से नगर में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगरवासी हिस्सा लेकर पुण्य लाभ लेते हैं।

### एक महीने बाद पुनः मंदिर आएंगे भगवान

*रथ यात्रा के दौरान मंदिर से भ्रमण को निकले भगवान जगदीष अब एक माह बाद पुनः मंदिर पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार भ्रमण के दौरान भगवान का रथ 15 दिनों तक रामकृष्ण मंदिर और 15 दिनों तक अन्य मंदिरों पर विश्राम करते हुए एक माह उपरांत पुनः जगदीश मंदिर पहुंचता है। इस एक माह में सभी प्रमुख मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहता है। वहीं श्रृद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन भगवान को विषेष भोग अर्पित किया जाता है।*

### सैकड़ों श्रृद्धालु हुए शामिल, कई स्थानों पर हुआ स्वागत

*इस दौरान राजगढ़ नगर में सैकड़ों लोगों ने भगवान के रथ को स्पर्श पर करते हुए बारी-बारी से उसे प्रतीक स्वरूप खींचा। विभिन्न स्थानों, प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा में शामिल लोगों का आत्मीय स्वागत किया गया। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर वहां कई तरह के धार्मिक आयोजन हुए एवं महाआरती उपरान्त महाप्रसादी का वितरण सभी को करवाया गया। यात्रा के सफल आयोजन पर मंदिर समिति सहित मालवीय प्रजापति सहयोग समिति ने सहयोग करने एवं सम्मिलित होने वाले सभी श्रृद्धालुजनों का आभार व्यक्त किया।*

# राजेश्वरी मंदिर पंच पहाड़ीधाम तलावला महाराजा में बरगद, नीम, पीपल के पौधे रौपे

## गौशरण मंडल 9 वर्षों से कर रहा है पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गौ शरण मंडल द्वारा रविवार को मां राजेश्वरी मंदिर पंच पहाड़ीधाम तलावला महाराजा में अनेक प्रकार के फलदार एवं छायादर पौधे लगाए गए, जिसमें बरगद, नीम, पीपल, आम आदि शामिल हैं। पौधों को संरक्षित करने का मंदिर परिवार ने संकल्प लिया। ज्ञातव्य है कि गौ शरण मण्डल द्वारा वर्षाऋतु में विगत 9 वर्षों से क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे है, अभी तक मण्डल द्वारा हजारों पौधें लगाए जा चुके, जो पौधें लगाए गए हैं वह फल एवं छाया देने लगे हैं, जिसका लाभ लोगों को मिलने लगा हैं। मण्डल संचालक भागवताचार्य सतीश नागर ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक रविवार निरंतर जारी रहेगा। धरती मां का हमारे ऊपर ऋण है, पेड़ लगाकर धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रत्येक व्यक्ति को हर बारीश के दौरान सुरक्षित स्थल पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखा जा सके।

### अभियान की शुरूआत में यह रहे मौजूद

गौ शरण मण्डल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के प्रथम दिवस की शुरूआत में किए गए पौधरोपण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, अरविंद शर्मा, रामगोपाल मीना नेताजी, जनपद सदस्य विष्णु खटाना, गिरराज लववंशी, अर्पित शर्मा, रामगोपाल शर्मा, ब्रजेश त्रर्वेदी, मोहन गुर्जर, अध्यक्ष देवीसिंह लववंशी, इंदर लववंशी, पंडाजी, अजय, जसवंत, ब्रजमोहन शर्मा, भारत बना, जितेंद्र साहु, प्रशांत, पूनमचंद, शर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रेम लववंशी, जगराज तोमर, जमनालाल, दिलीप, दीपक, हीरालाल आदि मौजूद रहे।

# विधायक शर्मा ने हनुमानगढ़ी पर किया पौधारोपण



**नरसिंहगढ़।** शनिवार को भाजपा के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में विधायक मोहन शर्मा द्वारा नगर के धार्मिक स्थल बड़ी हनुमानगढ़ी की पहाड़ी पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बादाम का पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री गोपाल खत्री, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, भाजपा नेता शिव वेद, मुकेश गुप्ता, महामंत्री अनिल बिहानी, राकेश चावड़ा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, अंकित साहू मनोज जड़िया, दिनेश नागर, राजू जड़िया, छोटू बना, कपिल वेद, नितेश अग्रवाल, भगवान दास साहू, भारत सिंह गुर्जर, रामबाबू साहू, अमृतलाल प्रजापति, रवि वर्मा, दीपक दांगी, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, मथुरा लाल विश्वकर्मा, शहीद कई भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रकृति की हरीतिमा बढ़ाने वृहद स्तर पर हुआ पौधरोपण

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर अनेकों स्थानों पर हुए आयोजन



**राजगढ़।** केंद्र सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर रविवार को विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर पालिका द्वारा परेड ग्राउंड के सामने स्थित राजीव गांधी पार्क का चयन करते हुए यहां पीपल, नीम, गुलमोहर, आम सहित विभिन्न किस्मों के पौधे रोपित क इस दौरान कलेक्टर हर्ष दीक्षित, एसडीएम गुलाब सिंह बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. शर्मा, सीमएओ रवि गुप्ता, श्याम गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि कृष्णपाल पंवार, सचिन मौर्य सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थितजनों से कहा कि जो पौधे रोपे गए हैं उनकी पेड़ बनने तक देखभाल करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। पौधरोपण से कईं महत्वूपर्ण पौधों का रख-रखाव होता है ताकि वे बड़े हो सकें।

# 3 वर्ष से लंबित फरार स्थाई वारंट तामील करने में शहर पुलिस को मिली सफलता

**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा स्थाई वारंटियों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन एवं एएसपी आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेन्द्रसिंह धाकड़ के नेतृत्व में 6 जुलाई को थाना ब्यावरा पुलिस द्वारा प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह मीना के विश्वसनीय मुखबिरों की सूचना पर से न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 14/22 अपराध नम्बर 717/21 धारा 294, 323, 506, एआईपीसी एससी, एसटी एक्ट में स्थाई वारंटी भगवान सिंह पिता दरियाव सिंह सौंधिया निवासी ग्राम बैलास को मुखबिर सूचना से राजगढ़ चौराहा से वारंटी को पकड़ा और उसे न्यायालय राजगढ़ में वारंटी को पेश किया गया। इनकी रही। भूमिका उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेन्द्रसिंह धाकड़, प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह मीना का योगदान रहा।

# ब्लड बैंक में रक्त की कमी की पूर्ति के लिए खिलचीपुर में लगा मिनी रक्तदान शिविर

### 16 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

राजगढ़ के जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने के कारण शनिवार रात को खिलचीपुर के बस स्टैंड पर ब्लड बैंक की बस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बस स्टैंड पर स्थित फलोदी लाज के सामने रात 8 बजे से 10 बजे तक चला। इस दौरान समाजसेवी नितेश गुप्ता के सहयोग से महज दो घण्टे में महिलाओ सहित 16 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

नितेश गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को जरूरत के समय रक्त नहीं मिलने से कई बार उनकी जान पर बन आती है। ऐसे में राजगढ़ के जिला अस्पताल में ब्लड की कमी होने के चलते हमने खिलचीपुर में अर्जेंट एक मिनी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसके लिए शनिवार रात 8 बजे राजगढ़ से ब्लड कलेक्शन बस खिलचीपुर पहुंची। ब्लड बैंक टीम के राजकुमार भिलाला, देवेंद्र वर्मा,सुरेश दांगी के सहयोग से करीबन महिलाओं सहित 16 लोगो सतीश पारिख, नरेंद्र गुप्ता वर्षा सर्राफ, जितेंद्र गुप्ता, शीतल गुप्ता, प्रखर भंडारी शुभम भंडारी, उमेश मालवीय, अनिल गुप्ता, गौरव सिंगी, विशाल गुप्ता, गोलू गुप्ता,बकसू कुशवाह, जगदीश सौंधिया, मनीष साहू ,मोहित गुप्ता ने रक्तदान कर सर्टिफिकेट प्राप्त किए।

बच्चे अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें : एसडीओपी

# सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल में शपथ विधि समारोह आयोजित हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार को सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल सारंगपुर में विभिन्न हाउस के कप्तानों की शपथ विधि समारोह सारंगपुर एसडीओपी अरविंद्र सिंह सारंगपुर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। संस्था के प्रबंधक मैनेजर फादर पॉल ने अतिथियों का स्वागत किया।

स्वागत भाषण संस्था के वरिष्ठ शिक्षक मेहरबान खान द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रिया राठौर ने किया। साथ ही रंगारंग कार्यक्रमों के साथ स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल द्वारा भी शपथ ली गई। इस दौरान एसडीओपी सिंह ने संस्था में आकर अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे अपने विद्यार्थी जीवन का आभास हो रहा है एवं आप सभी बच्चे भविष्य में इसी तरह से अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाई दी।

# लववंशी समाजाध्यक्ष पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री से मिले

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कराया अवगत, मंत्री ने दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भोपाल में कैबिनेट मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री, मध्यप्रदेश शासन प्रहलादसिंह पटेल के बंगले पर विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य तथा लोधा लववंशी समाज युवा प्रदेश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी ने सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। मंत्री से ब्यावरा विधानसभा सहित राजगढ़ जिला व अन्य क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की समस्याओं से अवगत कराया और सुदूर सड़क और खेत सड़क पुनः शुरू करने का निवेदन किया। जिसमें मंत्री ने तुरंत समस्याओं का निराकरण करने को कहा।

# सीएमओ बोले प्रत्येक नगरवासी को मां के नाम लगाना चाहिए एक पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नगर परिषद खुजनेर द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जिसमें नगर के पालीवाल स्कूल तथा शास्त्री समिति विद्या मंदिर में वृहत पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। नीम, बरगद, अशोक, करंज, पीपल आदि अन्य किस्म के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा बताया गया कि कोई भी नागरिक अपनी मां की याद में नगर के मांगलिक भवन, गणेश मन्दिर, मुक्तिधाम, वाटर वर्क्स आदि पर पौधा रोपण करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर पार्षद प्रेम राजपूत, भूपेन्द्र लोहिया, अमित यादव, धर्मेन्द्र पालीवाल, आशीष शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मुकेश नाथ सहित समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की है कि यह अभियान जुलाई में चलेगा नगर के अन्य स्थानों पर पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएऔर उसका सरंक्षण करें जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध रहे भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सके।

# एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया पौधा रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, अतिथि गण पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, विष्णु सिंह पवांर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, देवकरण मालाकार संस्था प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी स्काउट शिक्षक गोवर्धनलाल वर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से शुरुवात की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीलाल दांगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुवे तो आने वाले समय में हमे कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हम सबको मिलकर हमारे घर के आसपास एवं विद्यालय परिसर तथा उचित स्थान चयन कर वहा पर अधिक से अधिक पौधा रोपण कर उनकी सुरक्षा करना है। उपस्थित समस्त सदस्यों एवं पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। जनप्रतिनिधि नगर के पत्रकार तथा शाला परिवार के सदस्यों ने बरगद पीपल आम नीम जामुन गुलर सहित विभिन्न प्रकार के 50 फलदार एवं छायादार पौधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम में रामप्रसाद दांगी, देवकीनंदन जमींदार, कुशाल दांगी, राम दांगी, श्याम टेलर, ओंकार लाल दांगी, हरीश गुप्ता, गोविंद शर्मा आरिफ खान, लक्ष्मीनारायण दांगी ओम प्रकाश सेन, गिरिराज गुप्ता, सीमा गुप्ता, राकेश भावसार, जगदीश झावा अजय सेन, रमेश मेवाड़े हेमराज सेन सहित समस्त स्टाफ अतिथि एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सेवानिवृत कर्मवारियों और अधिकारियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

ग्राम पंचायत मोयली कला में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों और अधिकारियों का गांव के सरपंच प्रतिनिधि मेहबूब खां की तरफ से शासकीय अन्य पदों पर सेवानिवृत होने के बाद ग्राम पंचायत मोयली में सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में साफा बांधकर हार फूलों से स्वागत किया। सेवानिवृत्ति होने वालों में बद्री प्रसाद चंद्रवंश, राधेश्याम चौधरी, रमेश चन्द्र सेन, रमेश सक्सेना चारों कर्मचारियों अधिकारियों का गांव के राम मंदिर में हार फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, जनपद सदस्य रघुनंदन शर्मा, राजू चौकसे पार्षद वार्ड क्रमांक 4 कुरावर, कमला प्रसाद शर्मा जनपद सदस्य जिला खेड़ी सभी लोगों ने हमारे रिटायरमेंट कर्मचारियों का साफा बांधकर हार फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गांव के सैकड़ो लोगों ने स्वागत किया।